स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 10.11.2017

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जोन 01 अंतर्गत जुनवानी रोड से शंकराचार्य कॉलेज तक चिन्हित भेजा कब्जाधारियों को हटाये जाने के निर्देश दिये गये थे। निगम आयुक्त श्री चौहान के निर्देश पर जोन 01 के जोन आयुक्त, राजस्व अमला, डम्पर, जेसीबी, तोड़फोड़ कर्मचारियों के साथ दीनदयाल परिसर के पास से भेजा कब्जाधारियों को हटाये जाने की मुहिम की शुरुआत की गई। कब्जा हटाये जाने के पूर्व 35 चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था जिसे 21 लोगों से तामिल कराया गया तथा 14 लोग मौके पर अनुपस्थित होने के कारण पत्र उनके दुकान पर चस्पा किया गया। आज के तोड़फोड़ कार्यवाही में कुल 06 भेजा कब्जाधारियों को हटाया गया जिसमें बांस बल्ली से घेरकर बनाये गये दुकान, पान ठेला प्रमुख रहा। चिन्हित भेजा कब्जाधारियों से कब्जा हटाये जाने के दौरान 24 घंण्टे में स्वयं के द्वारा जगह रिक्त करने की मांग की गई। जिसपर जोनआयुक्त द्वारा उनके निवेदन स्वीकार करते हुए 24 घण्टे का और समय दिया गया तथा तोड़फोड़ की कार्यवाही को स्थगित किया गया। कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही किये जाने के साथ–साथ स्वयं कब्जाधारियों के द्वारा कब्जा खाली किया जा रहा था।

कल शनिवार 11 नवम्बर को कब्जा नहीं हटाये जाने पर रोके गये स्थल से ही पुनः कब्जा खाली कराने का कार्य प्रारम्भ किया जावेगा। कल की तोड़फोड़ की कार्यवाही में पुलिस बल भी साथ में रहेंगे। आज इस अभियान में जोन 01 के आयुक्त श्री संजय बांगड़े, सहायक यंत्री श्री सुनील दुबे, कुलदीप गुप्ता, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, राजस्व निरीक्षक मलखान सिंह सोरी, डी.पी. शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, सुनील निमाड़े, रामायण सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम भिलाई